# केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर निराकरण के दिए निर्देश


सांसद संपर्क संवाद यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने ग्रामीणों को सम्बोधित किया।

- ग्रामीणों की परिवेदनाओं पर मंत्री भूपेंद्र ने दिए निराकरण के निर्देश, सरकार की योजनाओं का लिया फीडबैक

**अलवर।** केन्द्रीय मंत्री व अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव रविवार को सांसद संपर्क संवाद यात्रा लेकर अलवर ग्रामीण क्षेत्र के गांव लिली राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं बिणजारी के स्कूल में पहुंचे। मंत्री ने अपने अलवर में शुरू किए 'सांसद सम्पर्क संवाद यात्रा' कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से संवाद कर उनकी परिवेदनाओं को सुना मौके पर ही अधिकारियों से उनका निस्तारण कराया। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु जागरूक किया।

इस मौके पर केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा कि सांसद संपर्क, संवाद यात्रा एवं धन्यवाद कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव तक पहुंचकर ग्रामवासियों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं के समाधान करने के साथ केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं से लाभांवित कराने के लिए यह कार्य निरन्तर जारी रहेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल आदि विषयों पर समन्वित प्रयास करने के साथ विकास को गति प्रदान की जाएगी।

यात्रा के दौरान ग्रामीणों की पेयजल, विद्युत, सडक आदि से संबंधित परिवेदनाओं को संवेदनशीलता से उनके गुणवत्ता के साथ समयबद्ध निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की परिवेदनाओं को शीघ्र निराकरण कर उनके संतुष्टि स्तर में वृद्धि करें। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद व्यक्ति को लाभांवित करने हेतु सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है इनका जागरूक रहकर न केवल स्वयं लाभ उठाए बल्कि अन्य जरूरतमंद व्यक्ति को भी इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु जागरूक करें।

इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव व वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने ग्राम केसरपुर में आयोजित भागवत कथा व ओम शिव परिवार मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शिरकत की। यात्रा के दौरान जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पूर्व विधायक जयराम जाटव, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, मालाखेडा प्रधान वीरमती देवी, उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव, एडीएम द्वितीय योगेश डागुर, उपखण्ड अधिकारी मालाखेडा नवज्योति कांवरिया, उपखण्ड अधिकारी राजगढ हरकेश मीणा, संजय नरूका, घनश्याम गुर्जर, लक्ष्मी नारायण गुप्ता एवं बडी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## विशाल तिरंगा यात्रा निकाली

**सिरस।** उप तहसील मुख्यालय सिरस में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ विधायक रामसहाय वर्मा ने दादू पंथी बालाजी के मंदिर से विधिवत हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित आमजन ने उत्साह पूर्वक हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता, मोदी है तो मुमकिन है एवं भारत के वीर जवानों के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। तिरंगा यात्रा में नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजयवर्गीय, भाजपा नेता रामदेव प्रजापत नाटवाड़ा, श्यामलाल योगी श्योसिंहपुरा, पूर्व सरपंच अमरसिंह बस्सी, सीआर शोभाग खंगार, गहलोद मंडल अध्यक्ष देवीशंकर गुर्जर, रामप्रसाद शर्मा, आशाराम डोई, नारायण यादव, मुकेश प्रजापत, प्रवीण पहाड़ी, जगराम मीणा, बबलू प्रजापत, डीआर नरेश नायक, शिवदयाल जांगिड़ व मुकेश कीर सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# माधवानंद आश्रम में पूर्णाहुति के साथ नौ दिवसीय महायज्ञ संपन्न

**नारायणपुर।** कस्बे के राजपुरा मोहल्ले में स्थित माधवानंद सरस्वती परमहंस आश्रम में साध्वी विदुषी सरस्वती के पावन सानिध्य में चल रहे नौ दिवसीय 21 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ का समापन रविवार को विधिवत पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ। यह धार्मिक आयोजन 17 मई से प्रारंभ हुआ था और श्रद्धालुओं की भारी भागीदारी के बीच पूर्ण श्रद्धा और भक्ति भाव से यज्ञ की पूर्णाहुति दी गई। यज्ञाचार्य पं. वेदप्रकाश के मार्गदर्शन में मुख्य यजमान मोहन लाल आत्रेय ने पूर्णाहुति अर्पित की। इस अवसर पर ब्रह्म पीठाधीश्वर रामरतन देवाचार्य, महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज, भीमादास महाराज, श्योराम दास महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं ने यज्ञ में आहुति प्रदान की। श्रद्धालुओं ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ अर्जित किया। समापन के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। यज्ञ के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकार रोहिताश पायला, रामबाबू और श्योराम धमोरा ने नेहड़ा गीतों के माध्यम से शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। नारायण सेवा समिति एवं श्याम मित्र मंडल द्वारा यज्ञ स्थल पर शीतल जल की प्याऊ लगाई गई। जिससे श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित की गई। वहीं श्रद्धालुओं ने माधवानंद आश्रम में धोक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यज्ञ के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थानाधिकारी ओमप्रकाश मीणा जाप्ते के साथ मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष अर्जुन लाल यादव, राजू प्रजापत, फूलचंद यादव, योगेश सैनी, विजय इंदौरिया, लाल चंद प्रजापत, रोहिताश सैनी, कानाराम सैनी, महेन्द्र शर्मा, डूडू सैनी, पुष्पेन्द्र प्रजापत, वैद्य भवानीशंकर शर्मा, बृजमोहन सैनी, हीरालाल सैनी, कालू जोशी. घनश्याम जांगिड, रामकरण धाबाई सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।


नौ दिवसीय 21 कुण्डीय रूद्र महायज्ञ का समापन रविवार को विधिवत पूर्णाहुति के साथ संपन्न हुआ।

# राजनौता से धोली कोठी रोड का विधायक ने किया निरीक्षण

**पावटा।** राजनौता से धोली कोठी तक कई ग्राम को जोड़ने वाली एमडीआर निर्माणाधीन रोड़ का निरीक्षण करने के लिए विधायक कुलदीप धनकड भी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से संवाद किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि रोड का गुणवत्ता के साथ निर्माण करवाया जाए, ताकि लंबे समय तक इस सड़क से जुड़े गांवों के ग्रामीण और आवागमन करने वाले बाहरी लोगों को इसका लाभ मिल सके। इस दौरान विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए अपने पहले ही साल में हर संभव प्रयास किए है। उन्होंने कहा कि एमडीआर रोड़ के 45 करोड़ से 30 कि.मी. के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण से आमजन को यातायात में आ रही समस्या से राहत मिलेगी एवं गांव की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। साथ ही उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाईयों को छुएगा। बजट घोषणा 2024-25 के अंतर्गत 45 करोड़ की लागत से एमडीआर- 228 रोड़ के चौड़ाईकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य राजनौता के संतोषी माता मंदिर से प्रेमनगर, सीतोपसिंहपूरा, केमरिया, टोरडा ब्राह्मण, रघुनाथपुरा (तालुकाबास), खरबूजी, सूरजपुरा होते हुए बीलवाड़ी (-248), धौलीकोठी तक, लुहाकना खुर्द,

लुहाकना कलां (विराटनगर), कोटपूतली-बहरोड़ एवं -52 (ज्ञानपुरा) से सीकर जिले तक सीमा वाया ककराना, राजनौता, रघुनाथपुरा, भैंसलाना, सुजातनगर, मीरापुर फार्म, दातिल, तलवा रोड़, सिरसोडी, (एमडीआर,228) सड़क क्षेत्र के आर्थिक एवं परिवहन सुविधाओं में सुधार लाने में सहायक होगा। इस सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं चौड़ाईकरण हेतु 45 करोड़ की लागत से 30 किमी रोड़ हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है एवं कार्य भी शुरू हो चुका है। वही विधायक कुलदीप धनकड ने संबंधित अधिकारियों को सड़क निर्माण में किसी प्रकार की कोई कोताही नहीं बरतने एवं समय पर अच्छी गुणवत्ता के साथ बनाने के लिए निर्देशित किया।


विधायक कुलदीप धनकड ने रोड़ का निरीक्षण किया।

- कुलदीप धनखड़ ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के विकास के लिए अपने पहले ही साल में हर संभव प्रयास किए है

## सर्वसमाज सामूहिक विवाह सम्मेलन में भामाशाहों ने किया सहयोग

- आयोजकों ने विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज बंधुओं, भामाशाहों, कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों का आभार जताया

**मनोहरपूर।** मनोहरपुर के डॉ.अम्बेडकर पार्क में रामनाथ अलग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित 9 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन हुआ। जिसमें सेकडों लोगो की मौजूदगी में 5 जोड़े परिणय सूत्र में बंधकर जिंदगी के हमसफर बने।

कार्यक्रम हरिओम दास जी महाराज के सानिध्य,मुख्य अतिथि कनाडा निवासी अनिल कुमार अलग,सुमंगला देवी,भाजपा नेता उपेन यादव, डीवाईएसपी सोनचंद लाडना, सौदागर कांदेला,भामाशाह भैरू हुल्डा एवं प्रदेशाध्यक्ष रामावतार वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। पूर्व प्रधान नंदलाल गोठवाल,अर्जुन मोहनपुरिया, हेतराम बुनकर,महेंद्र मांडिया,रविश कुमार अलग,दानवीर जेवरिया विशिष्ट अतिथि रहे। कार्यक्रम में शामिल नव दंपत्तियों को समिति द्वारा गृह उपयोगी सामान, जेवर,कपडे आदि भेंट किए। सम्मेलन में जयपुर,बहरोड़,अलवर,सीकर से मनोहरपुर आकर वर-वधुओं ने सात फेरे लिए। मंच संचालन सामाजिक कार्यकर्ता डॉ पूरणमल बुनकर ने किया। समिति अध्यक्ष रामवतार वर्मा, कल्याण सहाय बुडगाया,मालीराम वैद्य आदि ने बताया कि सुबह 11 बजे टोल टैक्स से बारात गाजे बाजे के साथ डॉ.अम्बेडकर पार्क कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, जहां पर तोरण व वरमाला,पाणिग्रहण संस्कार कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

आयोजकों ने विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिए समाज बंधुओं,भामाशाहों, कार्यकर्ताओं व समिति पदाधिकारियों का आभार जताया। अतिथियों,भामाशाहों का साफा, माल्यार्पण व प्रतीक चिह्न देकर सम्मान किया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में नव दंपत्तियों को खोरी परमानंदजी महाराज मंदिर के महंत हरि ओम दास जी महाराज सहित अतिथियों ने आशीर्वाद देकर सफल दाम्पत्य जीवन की कामना की। इस अवसर पर मक्खन लाल, रामवतार बुनकरसुनील रागेंरा, डॉ.राजेश कुमार, अशोक नैनावत, लीलाधर बुडगांया आदि उपस्थित रहे।

# डी. पी. आर. तैयार होते ही शीघ्र मिलेगा चौमूं को बीसलपुर का पानी : कन्हैयालाल चौधरी

**चौमूं / कालाडेरा।** विधानसभा क्षेत्र चौमूं में ओपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना की ओर से पाकिस्तान में घुसकर किए गए आतंकवादियों के ख़ात्मे को लेकर भारतीय सेना के शौर्य एवं सम्मान में शनिवार को प्राचीन गढ़ गणेश मंदिर से लेकर सुभाष सर्किल चौमूं तक विशाल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। तिरंगा यात्रा के साथ ही नगर परिषद चौमूं को बजट घोषणा में बीसलपुर पेयजल योजना से जोड़ने के लिए राशि 25 लाख स्वीकृत किए जाने पर जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का नागरिक अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में हज़ारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने हिन्दुस्तान ज़िन्दाबाद भारत माता की जय आदि जयघोष से क्षेत्र को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का 51 किलो की माला और साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सेना का शौर्य पूरे विश्व ने देखा और 26 परिवारों के सिंदूर का कर्ज 126 आतंकियों को उनके घर में घुसकर मारा है। उन्होंने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को अपना दोस्त संबोधित करते हुए कहा कि इन्होंने चौमूं को बीसलपुर बाँध से जोड़ने का भरकस प्रयास किया है और इनके प्रयासों से डीपीआर तैयार करने के लिए 25 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है और जल्द ही करोड़ो की लागत से बीसलपुर का पानी चौमूं वासियो को मिलेगा। सीकर पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने सेना के शौर्य को नमन किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बजट में नगर परिषद चौमूं को बीसलपुर पेयजल योजना से जोड़ने हेतु के लिए 25 लाख की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और और मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का आभार जताते हुए कहा कि माननीय मंत्री कन्हैया लाल प्रदेश और चौमूं के लिए भागीरथ बनकर आए है इनके नेतृत्व में यमुना नदी का पानी और चौमूं को बीसलपुर का पानी मिलेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में घुसकर 9 अधिक आतंकी ठिकानों को नष्ट कर सौ से अधिक आतंकवादियों को मार गिराने का काम किया है, माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारतीय सेना ने अपना शौर्य और पराक्रम दिखाते हुए से बहनों के सिंदूर का बदला लिया है। नागरिक अभिनंदन समारोह के उपरांत प्राचीन गढ़ से तिरंगा यात्रा वंदेमातरम् भारत माता के जयकारों से प्रारंभ होकर बस स्टेंड, बावड़ी गेट, चौपड़, नया बाज़ार, होते हुए सुभाष सर्किल तक पहुँचे।

- सेना के शौर्य और पराक्रम का कोई सानी नहीं-रामलाल शर्मा।


बीसलपुर की सौग़ात के लिए जलदाय मंत्री का नागरिक अभिनंदन किया।

## श्रीमाधोपुर बैडमिंटन लीग संपन्न

**श्रीमाधोपुर।** गुरुकृपा स्पोर्ट्स अकेडमी के द्वारा आयोजित श्रीमाधोपुर बैडमिंटन लीग का समापन पुरुस्कार वितरण के साथ संपन्न हुआ। संयोजक सुरेश बिजारनियाँ ने बताया कि प्रतियोगिता के सिंगल ऑपन में जयपुर के शिशुपाल विश्नोई ने अजमेर के रवि तंवर को हराकर खिताब जीता। वहीं डबल्स के फाइनल मुकाबले में रवि तंवर व सुभाष सैनी श्रीमाधोपुर की जोडी को सीधे सेटो मे शिकस्त देकर सीकर के अखिल माथूर व मुकुल जांगिड ने चैम्पियनशिप जीती। वेटर्न केटेगरी में संदीप व अखिल माथूर की जोडी ने जमवारामगढ जयपुर के अखिल धवन व शिशुपाल विश्नोई को हराकर जीत अर्जित की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमाधोपुर बैडमिंटन संघ के सचिव कमलेश पारीक ने सभी प्रतिभागियों एवं आयोजन में सहयोग करने वाले कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व पालिकाध्यक्ष तनसुख कुमावत, संरक्षक सीताराम बिजारनियाँ,सोहन सैनी, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### भामाशाह ने मंदिर में किया जेनरेटर सेट भेंट

**श्रीमाधोपुर।** निकटवर्ती ग्राम भारनी निवासी भामाशाह रिछपाल सिंह खर्रा ने गोपीनाथ मंदिर श्रीमाधोपुर में जनरेटर सेट भेंट किया है। गोपीनाथ मंदिर के महंत डॉ. मनोहर शरण दास ने बताया कि भामाशाह ने 15 किलोवाट का एक जनरेटर सेट अर्पित किया है। बताया गया है कि भामाशाह ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद गोपीनाथ मंदिर में जनरेटर सेट अर्पित किया है। इस अवसर पर आरसी गुप्ता, पुरुषोत्तम गुप्ता, मुरारी नारिया, नंदकिशोर खुटेटा ,श्याम नारनौली, लक्ष्मण ठठेरा, केदार नाई , सुदर्शन शर्मा, सुरेश मिश्रा, शेखर शर्मा ,बनवारी खाटूवाला, पवन शर्मा, नरेंद्र कूलवाल आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में आर सी गुप्ता द्वारा मंदिर के मुख्य द्वार व ऊपर के द्वार पर स्टील का नवीन गेट लगाने की भी घोषणा की है।

### महायज्ञ में आहुतियां दी

**श्रीमाधोपुर।** यज्ञाचार्य पंडित देवकीनन्दन शास्त्री ने बताया कि कुई वाले बालाजी धाम झाड़ली में चल रहे नवदिवसीय ग्यारह कुंडात्मक श्रीराम मारुति महायज्ञ में तीसरे दिन देवताओं का पूजन मंदिर अंधिवासन व इक्कीस जोड़ों के द्वारा एक लाख ग्यारह हजार आहुति प्रदान की गई। शास्त्री ने बताया कि यज्ञ साक्षात भगवान नारायण स्वरूप होते हैं। यज्ञ भगवान सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं। यज्ञ से क्षेत्र में सुख शांति समृद्धि आती है। यज्ञ से वर्षा होती है। इस दौरान संतोष दीक्षित रोहिताश सैनी नरपत सिंह झाड़ली, हनुमान सैनी, राजेंद्र सिंह के साथ महाराज बाबूलाल दास जी महाराज आदि मौजूद थे

### कनिष्ठ अभियंता ने जन्मदिन पर वृक्षारोपण किया

**मनोहरपुर ।** जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर के कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमावत ने अपने सुपुत्र तियांश के जन्मदिन पर 33/11 केवी जीएसएस मनोहरपुर में वृक्षारोपण कर खुशी मनाई है! उल्लेखनीय है कि कुमावत साहब कर्तव्य निष्ठ परिश्रमी ईमानदार है ये उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाते हैं और जयपुर डिस्कॉम को लाभ पहुंचाते है कर्मचारियो का सदेव ख्याल रखते हैं! ये अपने सुपुत्र के जन्मदिन पर अपने घर पर विद्युत् रौशनी कर के घर को सजाते हैं और अपने मिलने वाले लोगों को दावत पर बुलाते हैं और सुपुत्र का केक काटते है! उन्होंने कहा कि हर वर्ष जन्मदिन पर पेड़ इसलिए लगाते हैं क्योंकि पेड़ हमें लाखों रुपए का ऑक्सीजन देता है पेड़ों की कमी से मानसून का वातावरण गड़बड़ा गया है! पेड़ो में पानी देने की जिम्मेदारी ओम प्रकाश सैनी को दी गई है!

### शोभायात्रा निकाली

**राजगढ़ ।** ब्राह्मण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम की शोभायात्रा उत्साह एवं उल्लास के साथ निकाली गई। इस दौरान भगवान परशुराम सहित अनेक झांकियां कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रही। विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के पश्चात ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार एवं अन्य पदाधिकारी के नेतृत्व में शोभा यात्रा ब्राह्मण धर्मशाला से रविवार सायं बैंड बाजे के साथ शुरू हुई। शोभा यात्रा कस्बे के गोविंद देव जी बाजार, पुराना पुलिस थाना रोड, चौपड़ बाजार मालाखेड़ा बाजार, मालाखेड़ा गेट बस स्टैंड एवं सराय बाजार होती हुई ब्राह्मण धर्मशाला पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा के मार्ग में प्रमुख समाज सेवी लोगों की ओर से शीतल पेय पदार्थ,शरबत, एवं अन्य वितरण किया गया। महिला पुरुषों की मौजूदगी में जय परशुराम के उद्घोष के साथ हाथों में ध्वजा लेकर भगवान परशुराम के जयकारे लगाए। इस दौरान अनेक झांकियां भी सजाई हुई। भगवान परशुराम शोभा यात्रा के दौरान जिला ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, एवं अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता महिला पुरुष मौजूद रहे।

### निहारिका ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नाम रोशन किया

**श्रीमाधोपुर।** शहर के वार्ड नंबर 10 ,राजीव कॉलोनी निवासी राधेश्याम शर्मा की सुपौत्री व रमेश कुमार की पुत्री निहारका शर्मा ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान के द्वारा घोषित 12वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर गुरु कृपा पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बावड़ी (सीकर), श्रीमाधोपुर शहर व विप्र समाज को गौरांवित किया है।

## सार-समाचार

### नेशनल चेम्पियनशिप महाराष्ट्र में जीता मैडल

**टोंक।** राजस्थान स्टेट व इंडिया पॉवर लिफ्टिंग फेडरेशन एसोसिएशन द्वारा नेशनल चेम्पियनशिप कोलापुर महाराष्ट्र मे पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई, इस प्रतियोगिता मे टोंक निवासी जयकृत सिंह खंगारोत ने ब्रोंज मेडल जीता। इस अवसर पर जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन सचिव एवं सरदार शक्ति जिम फिटनेस कोच सिकन्दर नकवी ने बताया की खिलाडी का महाराष्ट्र से लौटने पर एसोसिएशन पदाधिकारीयों ने खुशी मनाई और बधाईया दीं। वही एसोसिएशन संरक्षक साजिद अली नकवी पहलवान एवं कबड्डी खिलाडी मुशताक अली नकवी, बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन सचिव उमर नकवी, जिलाध्यक्ष अब्दुल गफूर शेरा, कोषाध्यक्ष महेंद्र कुमार योगी, आर्म रेसलिंग अध्यक्ष मकसूद बुलंद, सचिव जसवंत सिंह, जिला ओलम्पिक संघ सचिव मुमताज राही, अंतर्राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टर साजिद अहंमद, जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन अध्यक्ष सईद खान, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन भारत एवं राज्य स्तरीय वॉलीबॉल एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष खलील उर्र रहमान, वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन सचिव केसरअ हमद ने खंगारोत के उज्जवल भविष्य की मनोकामनाएं की।

### फुलेरा जंक्शन पर भीषण गर्मी में खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करना पड़ रहा

**फुलेरा ।** फुलेरा जंक्शन पर पिछले वर्षो से अमृत भारत योजना के अतंर्गत निर्माण कार्य चल रहा है। परन्तु उक्त निर्माण कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। अर्थात कछुआ चाल से चल रहा है। इसके चलते यह निर्माण कार्य कब तक पूर्ण होगा यह कहना तो दूर की बात है। सोचना भी मुश्किल है। इसके बावजूद प्रशासन और सम्बंधित अधिकारी भी बेखबर होकर बैठे है। वहीं दूसरी ओर जंक्शन का प्लेटफार्म नम्बर एक यात्रियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। जिसमें मुख्यतः लाईट, पीने के पानी पेयजल आदि की कोई समुचित व्यवस्था नही है। इसके अलावा यात्रियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण व्यवस्था वॉशरूम, यहां पर वह भी नही बने हुए है। इसके चलते बुजुर्गों और महिलाओं को काफी परेशानियों सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा वहीं प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेटर बोर्ड तो लगे हुए है, परन्तु प्रशासन द्वारा उन्हें भी चालू नहीं किए जा रहे है। गौरतलब है कि उक्त प्लेटफार्म पर पिछले करीब 3 वर्षो से टीन शेड नही लगे हुए है। इसकी वजह से यात्रीयों को यहां पर इस भीषण गर्मी व कड़ी धूप में खड़े होकर अपनी ट्रेन का इंतजार करना पड़ता है। वहीं अपनी ट्रेन का इंतजार करने के दौरान बीमार व कमजोर यात्री इस भीषण गर्मी तथा पेयजल के अभाव में गश खाकर गिर जाने के मामले सामने आते रहते है।सी क्रम में अध्यक्ष वासदेव ने प्रशासन से मांग की है कि जंक्शन पर युद्ध स्तर से निर्माण कार्य चलाया जाए। जिससे कि दैनिक रेल यात्री एवं आम यात्रियों को महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### वैश्य महासम्मेलन संगठन द्वारा मासिक गो सेवा का आयोजन

**टोंक।** अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन संगठन द्वारा मासिक गोसेवा का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत चतुर्भुज तालाब के आगे प्राकृतिक वातावरण में स्थित कामधेनु गो शाला के प्रांगण में वैश्य समाज द्वारा गो वंश को गुड़ खल कांकडे भूसा एवम हरा चारा खिला कर गो सेवा की गई। इस अवसर पर संगठन की टीम ने गोशाला परिसर में पेड़ो पर परिण्डे भी लगाए और उनमें जल भर कर परिंदों की सेवा का संदेश दिया, संगठन की महिला संरक्षिका मीना तोषनीवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रत्येक सनातनी को यथा शक्ति गो सेवा करनी चाहिए गो सेवा सभी मनोरथ पूर्ण करने में सक्षम है। महिला जिलाध्यक्ष स्नेहा बम्ब ने आम जन से ज्यादा से ज्यादा परिण्डे लगाने की अपील की महिला शहर अध्यक्ष रेखा जेन ने कार्यक्रम में पधारे सदस्यों का तिलक लगा कर अभिनन्दन किया।

### 11 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ

**निवाई।** गांव खेड़ा शुकलपुरा में निरमाणी अखाड़ा अयोध्या के महंत दिनेशदास नागा महाराज के सानिध्य में सात दिवसीय 11 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। जिसको तैयारियों को लेकर कार्यकर्ता गांव-गांव में जनसंपर्क करके श्रीराम महायज्ञ में सहयोग करने एवं सफल आयोजन के लिए लोगों का आ ान कर रहे है। श्रद्धालु रंगलाल पटेल पहाडी ने बताया कि 8 जून से गांव खेड़ा शुकलपुरा में आचार्य वेदप्रकाश गौतम के सानिध्य में सात दिवसीय 11 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर 8 जून को सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। उसके बाद प्रायश्चित संकल्प, दश विधि स्नान, ब्राह्मण वर्ण एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 9 जून को अग्नि नारायण पद्धाव एवं हवन का आयोजन होगा। 14 जून को पूर्णाहुति के साथ श्रीराम महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि 8 जून से प्रतिदिन सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक हवन होगा एवं दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रीमद् कथा का आयोजन होगा।

### डॉ. गर्ग ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में पहुंचकर सुनी जन समस्या

**भरतपुर ।** पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग को राष्ट्रीय लोक दल का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किए जाने पर उनके समर्थकों व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। रविवार को सुबह से ही रणजीत नगर कार्यालय पर डॉ. गर्ग को शुभकामनाएं व बधाई देने आने वालों का सिलसिला शुरू हो गया। भरतपुर विधानसभा के विभिन्न ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के लोगों ने रणजीत नगर कार्यालय पहुंचकर उनका माला, साफा व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस दौरान डॉ. गर्ग ने सभी से आत्मीयता के साथ मुलाकात की। उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि है पार्टी के शीर्ष नेतृत्व जयंत चौधरी के विश्वास पर वह खरा उतरने का पूरी तरह से प्रयास करेंगे। पार्टी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए वह निष्ठा के साथ कार्य करेंगे। कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी का विस्तार करने में पूरी तरह से समर्पित रहेंगे। डॉक्टर घरघानी कहा कि वह पार्टी की रीति नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करेंग।

### निवाई में विशाल तिरंगा यात्रा आज

**निवाई।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के शौर्य प्रदर्शन का वन्दन अभिनन्दन करने के लिए शहर में 26 मई को सुबह 8 बजे कंकाली माताजी के मंदिर से भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। विधायक रामसहाय वर्मा व नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कार्यकर्ताओं व आमजन को तिरंगा यात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आ ान किया। शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि सोमवार को सुबह 8 बजे कंकाली माताजी के मंदिर से विशाल तिरंगा यात्रा रवाना होकर चौहटी बाजार, सर्राफा बाजार होते हुए बड़े बाजार, पटेल रोड व बस स्टैंड होते हुए गांधीपार्क पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि इस तिरंगा यात्रा में निवाई पीपलू विधान सभा के पूर्व सैनिक, विद्यार्थी, युवा, वरिष्ठ नागरिक, व्यवसायी एव कर्मचारी शामिल होकर भारतीय सैनिकों का पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद का समूल नाश करने की उपलब्धि पर सैनिकों का मनोबल बढ़ाएंगे।

### श्रीमद् भागवत कथा व नानी बाई को मायरो में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** गांव नला में राधादामोदर जी मंदिर में श्रीमद भागवत कथा में भगवान नृसिंह का वर्णन सुनाया गया। मुख्य पंडितो द्वारा गणेश पूजन, मातृका पूजन, कलश पूजन, नवग्रह पूजन व भागवत पुराण का मुख्य यजमान बदरीलाल, राधामोहन, रामअवतार, सुरेन्द्र दाधीच नला व महेश द्वारा पूजन कर आरती करवाकर मद भागवत कथा का शुभारम्भ किया। कथा वाचक पं लादूलाल दाधीच ने बताया कि हिरण्यकश्यप व कयादू के यहाँ भक्त प्रहलाद का जन्म हुआ था। हिरण्यकश्यप जन्म से ही भगवान विष्णु विरोधी था। उसे भगवान विष्णु का नाम पसन्द नहीं था। उसने पूरे राज्य में ढिंढोरा पिटवा रखा था कि जो भी विष्णु का नाम लेगा उसे दण्ड मिलेगा। उसके पुत्र प्रहलाद ने ही भगवान विष्णु का नाम लेना शुरू कर दिया। हिरण्यकश्यप को बहुत बुरा लगा। उसने अपने पुत्र प्रहलाद को विष्णु का नाम लेने के लिए बार बार मना किया। लेकिन भक्त प्रहलाद ने भगवान विष्णु का नाम लेना नहीं छोडा।